राजस्व लोक अदालत केम्प कालेवा तहसील पचपदरा

न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम, आर.ए.एस

मुकदमा न0 163 /2018

वादीनी :– 1 बाबुदान पुत्र मंगलदान जाति चारण निवासी क्यार चारणान तह0 पचपदरा जिला बाडमेर

बनाम

प्रतिवादीगण :– 1. भीखदान पुत्र मंगलदान
2राणीदान पुत्र मंगलदान चारणा निवासी क्यार चारणान तह0 पचपदरा जिला बाडमेर
3.तहसीदार पचपदरा जरिये राज0 सरकार

88 आर.टी.ए <u>दावा बाबत घोषणा</u>

निर्णय दिनांक:–28.06.2018

वादी ने यह वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार ग्राम पंचायत कालेवा में प्रस्तुत की गई है।

वादी ने वाद पत्र में जाहिर किया कि ग्राम क्यार चारणान के ख0न0 40 , 42, 44, 8190, 91, 98, 107, 111, 112, 113, 114, 118 जुमले रकबा 294.01 में संयुक्त खातेदारी की आयी हुई है। उक्त आराजी में वादी का नाम में मंगलदान पुत्र प्रतापदान की मृत्यु पर नामान्तरणकरण संख्या 16,17 के अनुसार दर्ज हुआ। पटवारी हल्का द्वारा मंगलदान पुत्र प्रतापदान के वारिसान भीखदान, राणीदान, बाबूदान की बजाय भीखदान, राणीदान, वगतदान पिसरान मंगलदान लिपिकीय त्रुटिवंश दर्ज किया हुआ है जबकि सरकारी दस्तावेज मे वादी के सही नाम बाबुदान पुत्र मंगलदान है। अतः वगतदान पुत्र मंगलदान की जगह बाबुदान पुत्र मंगलदान के नाम की खातेदारी घोषित करने निवेदन किया है।

वादी द्वारा प्रस्तुत वादपत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र, जमाबंदी , वादी के ब्यान सहखातेदार के ब्यान व पटवारी कालेवा/ आर.आई पाटोदी की संयुक्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार ग्राम क्यार चारणान के ख0न0 40 , 42, 44, 8190, 91, 98, 107, 111, 112, 113, 114, 118 जुमले रकबा 294.01 में वादी का नाम वगतदान पुत्र मंगलदान राजस्व रेकर्ड में नाम दर्ज है। जब कि अन्य सरकारी दस्तावेज में बाबुदान पुत्र मंगलदान दर्ज है। अतः वादी का वाद स्वीकार करने योग्य है।

अतः वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम क्यार चारणान के ख0न0 40 , 42, 44, 8190, 91, 98, 107, 111, 112, 113, 114, 118 जुमले रकबा 294.01 में वगतदान पुत्र मंगलदान की बजाय बाबुदान पुत्र मंगलदान के नाम की खातेदारी घोषित की जाती है। तहसीलदार पचपदरा को राजस्व रेकर्ड में दर्ज करने का आदेश जारी हो।

(भागीरथ राम)
पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प-2018
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर
बालोतरा कैम्प.......कालेवा

Scanned by CamScanner